**दिनांक : 03.11.2024** **समय : 02.10pm**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी भोपाल**
**सांध्यकालीन समाचार**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री ने की टीबी के खिलाफ लड़ाई में भारत की प्रगति की सराहना।
- उमरिया जिले में हाथियों के हमलों से पीड़ित परिवारों से मिले वन राज्य मंत्री।
- बुधनी उप चुनाव को लेकर जनजागरूकता के कार्यक्रम जारी। प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर।
- प्रदेश के 24 शहरों में तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचा। मौसम विभाग ने कहा–15 नवंबर से बढ़ेगी ठंड।

**प्रधानमंत्री–टीबी में कमी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि टीबी के मामलों में कमी भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है। देश की प्रगति की सराहना करते हुए श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सामूहिक भावना के माध्यम से सरकार टीबी मुक्त भारत की दिशा में काम करती रहेगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 2015 से 2023 तक टीबी के मामलों में 17 दशमलव 7 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह दर वैश्विक गिरावट 8 दशमलव 3 प्रतिशत से दोगुनी से भी अधिक है।

**हाथी हमला**

उमरिया जिले के रहवासी क्षेत्र में हाथियों के हमले में दो ग्रामीणों के मौत के मामले में पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने के लिए आज वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार देवरा और बांका गांव पहुंचे। श्री अहिरवार ने पीडित परिवार से मिलकर उन्हें सहायता राशि 8 लाख रुपए के चेक सौंपे। साथ ही घायल के परिजनों को इलाज का पूरा खर्च उठाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बीते दिनों रहस्यमय तरीके से 10 हाथियों की मौत के मामले में पूछे जाने पर वन राज्य मंत्री ने कहा कि आज वरिष्ठ अधिकारियें के साथ बांधवगढ़ वन क्षेत्र का अवलोकन किया। 3–4 दिन में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरी स्थिति स्पष्ट होगी।

**उत्तराखंड–कपाट बंद**

उत्तराखंड में स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। आज भाई दूज के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रों के साथ विधि–विधान से कपाट बंद कर दिए गए। इस मौके पर केदारनाथ में 15 हजार से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे। इस यात्रा काल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ धाम की यात्रा की। कपाट बंदी के लिए मंदिर को दीपावली पर लगभग 10 क्विंटल फूलों से सजाया गया था। कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए रवाना हुई।

**जम्मू–कश्मीर विस्फोट**

जम्मू–कश्मीर में आज दोपहर आकाशवाणी श्रीनगर के कार्यालय के बाहर रविवार बाजार में एक ग्रेनेड विस्फोट में दस नागरिक घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार संदिग्ध आतंकवादियों ने टीआरसी क्रॉसिंग पर सुरक्षा बलों के वाहन पर ग्रेनेड फेंका, जो अपने लक्ष्य से चूक गया और सड़क पर ही विस्फोट हो गया। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है।

**बुधनी विधानसभा उपचुनाव**

सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा उप चुनाव के लिए इन दिनों तैयारियां जोरो पर है। जिले के पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता और स्वीप आइकॉन कपिल परमार ने आज विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से 13 नवंबर को होने वाले मतदान के दिन वोट डालने को कहा। रेहटी में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाई गई एवं मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

आज ईवीएम मशीन की कमीशनिंग के संबंध में अधिकारी कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण दिया। इसमें

ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट वीवीपैट की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन की सभी प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण की जा रही है। क्षेत्र में कुल 363 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। कुल 2,76,397 मतदाता हैं। उप निर्वाचन के लिए 1597 मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**भाई दूज**

आज भाई दूज का पर्व प्रदेश में पारंपरिक तरीकों से मनाया जा रहा है। नर्मदापुरम जिले में आज बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा करने का वचन दिया। वहीं नर्मदापुरम के सेंट्रल जेल में बंद कैदियों के साथ भाई दूज मनाने के लिए सुबह से उनकी बहनों की भीड़ उमड़ी। इसके लिए जेल प्रशासन की तरफ से खास व्यवस्था की गई। ग्वालियर में भी केन्द्रीय जेल के बंदियों से भाईदूज के पावन अवसर पर उनके माता–बहनों व छोटे बच्चों से प्रत्यक्ष मुलाकात कराई गई। जेल अधीक्षक ने बताया कि 2300 बंदियों की माता–बहनों एवं बच्चों से मुलाकात कराई गई। सतना जिले में आज भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया जा रहा है। मंदसौर भाई–दूज का पर्व परंपरा व आस्था के साथ मनाया गया। इसी के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन हुआ। शिवपुरी में आज दीपावली उत्सव के अंतिम दिन भाई दूज का पर्व परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर कई जगह आज अन्नकूट के आयोजन भी हुए।

**छठ पर्व**

लोक आस्था का महापर्व छठ के आयोजन को लेकर प्रदेश में तैयारियां की जा रही है। भोपाल में 51 से ज्यादा घाटों पर इसे मनाया जाएगा भोजपुरी पूर्वांचल समाज के चार दिवसीय छठ पूजा महापर्व का शुभारंभ 5 नवंबर नहाए खाए, 6 नवंबर को खरना, 7 नवंबर को डाला छठ, 8 नवंबर को पारण से समापन होगा। जिसकी तैयारीयों को लेकर शीतल दास की बगिया में आज तैयारीयों को लेकर समाज जनों ने रूपरेखा तैयार की। इसी तरह छिंदवाड़ा में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें छोटा तालाब में विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा बनाई गई। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष छठ महापर्व के तीसरे दिन 7 नवंबर की शाम व्रती अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। 8 नवंबर की सुबह परंपरा के अनुसार उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

**रेलवे विशेष ट्रेन**

त्योहारों के दौरान यात्रियों की मांग को देखते हुए दक्षिण–मध्य रेलवे इस वर्ष यात्रियों की सुविधा के लिए आठ सौ 60 विशेष रेलगाडी चला रही है। इस क्षेत्र में आज कुल 33 विशेष गाडियां चल रही हैं। ये विशेष गाडियां तिरूपति, काचीगुडा, काकीनाडा, हैदराबाद, सिकंदराबाद, विशाखापत्तनम, गोरखपुर, बेंगलुरु और पटना के अतिरिक्त कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर चलाई जा रही हैं।

**कार्तिक माह**

सोमवार को उज्जैन में बाबा महाकाल की कार्तिक अगहन माह की पहली सवारी निकलेगी। श्री मनमहेश के रूप में भगवान श्री महाकालेश्वर अपनी प्रजा का हाल जानने निकलेंगे। मंदिर प्रशासक गणेश धाकड़ ने बताया कि श्रावण–भाद्रपद माह की तरह श्री महाकालेश्वर भगवान की कार्तिक माह की पहली सवारी सभामंडप में शाम 4 बजे विधिवत पूजन–अर्चन के बाद राजसी ठाट–बाट के साथ निकाली जावेगी। शाही सवारी का आयोजन 25 नवम्बर को होगा।

**मौसम**

नवम्बर माह की शुरूआत होते ही प्रदेश में ठंड बढ़ने लगी है। प्रदेश के 24 शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे आ गया है। हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा है। यहां कल तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मंडला, राजगढ़, उमरिया, रीवा, बैतूल और मलाजखंड में भी न्यूनतम तापमान में गिरावट आ गई है। दिन में भी पारा लुढ़कने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, 15 नवंबर से ठंड का असर तेज होगा। उत्तरी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट आएगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत प्रदेश के 24 शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रहा है।

**क्रिकेट**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुम्बई के वानखेडे स्टेडियम में खेले गए तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 25 रनों से हरा कर 3–0 से सीरीज अपने नाम कर ली है। आज तीसरे दिन भारत के सामने 147 रनों का लक्ष्य था, लेकिन पूरी टीम 121 रनों पर सिमट गई। ऋषभ पंत ने 64 रन बनाए वहीं न्यूजीलैंड के एजाज पटेल ने 6 विकेट लिए। भारत करीब 24 साल बाद अपने घर में सभी टेस्ट मैच हारा है। एजाज पटेल को प्लेयर ऑफ

द मैच और विल यंग को प्लेयर ऑफ द सिरीज का अवार्ड दिया गया।

**समाचार संक्षेप में .....**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भगवान चित्रगुप्त महाराज के पूजन दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाए दी हैं।
- उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज जिला चिकित्सालय रीवा का दौरा किया। उन्होंने कहा कि 70 साल से अधिक आयु के सभी बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनाए जाए।
- मन्दसौर मे राज्यस्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में नौ संभाग के हॉकी बालिका वर्ग और बेसबाल के बालक/बालिका वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।
- खंडवा मे पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले 07 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की। वही 6 लोगों के विरूद्ध जुआ एक्ट के प्रकरण दर्ज किए।

---